सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-365
15/08/2018

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की झांकी को प्रथम स्थान

पटना 15 अगस्त, 2018 :– 72 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक गांधी मैदान में राष्ट्रीय झंडोतोलन के बाद विभिन्न विभागों की 14 मनोरम एवं आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। उद्योग विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधान विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार ग्राम स्वराज योजना सोसाईटी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, बिहार शिक्षा परियोजना पर्षद, राज्य स्वास्थ्य समिति, जीविका, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, महिला विकास निगम, सहकारिता विभाग, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, कृषि विभाग द्वारा मनोरम झांकियां प्रस्तुत की गई जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की झांकी को प्रथम पुरस्कार, राज्य स्वास्थ्य समिति को दूसरा तथा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम की झांकी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

******